## महत्वपूर्ण एवं खास

### नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा परिणाम जारी

**रायगढ़।** कक्षा 6 वीं की भर्ती हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2020-21 के परिणाम सीबीएसई नई दिल्ली के द्वारा 6 जुलाई 2022 को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम की सूची जवाहर नवोदय विद्यालय की वेबसाइट व सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### कोतवाली थाने में ठगी की शिकायत, अज्ञात आरोपियों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 07.07.2022 को थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ में धोखाधड़ी के दो अलग-अलग आवेदन पर अज्ञात आरोपियों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता संजय कुमार शर्मा (उम्र 52 वर्ष) निवासी कोतरा रोड रायगढ़ बताये कि उनका बेटा ऑनलाइन बुक आर्डर किया था और दिनांक 07/07/2022 को अपने मोबाइल से पुस्तक की डिलवरी लिए मोबाइल नं. 827492XXXX से बात कर किया। मोबाइल धारक डिलवरी चार्ज 5 रूपये देना पडेगा बोला और अज्ञात व्यक्ति के पेटीएम सिक्योर एसएमएस टू वेरी फाई यूअर नंबर का एक लिंक भेजकर घर का पता लिखकर बैंक एकाउंट से लिंक मोबाईल नंबर से फारवर्ड करने के लिए बोला जिसमें लागिंन होने पर शिकायतकर्ता के यूनियन बैंक एकाउंट से एक लाख रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर हो गया। एक अन्य शिकायतकर्ता आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि दिनांक 05/06/2022 को उसके क्रेडिट कार्ड से अज्ञात ब्यक्ति द्वारा 03 ट्रांजेक्शन कर कुल 1 लाख 50 हजार रूपये अवैध निकासी कर धोखाधडी किया है, जबकि इसने किसी से भी अपना कोई भी कार्ड डिटेल अथवा OTP शेयर नही किया है। दोनों अपराधों में अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का अपराध कायम कर जांच में लिया गया है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 3 लाख 60 हजार की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम सरपोंगा में शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुधा सोनी 20 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी अभिषेक वैष्णव व रेहाना खान वैष्णव ने 6 से 28 फरवरी 2021 के मध्य प्रार्थिया को शिक्षा विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख 60 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थिया की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### डॉक्टर के खाते में लाख रुपए की सेंध

**रायपुर (आरएनएस)।** माना बस्ती के मनोपचार केंद्र के डॉक्टर के खाता से 99,973 रुपए का आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सौम्या डोभाल 26 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया को फोन किया और पता अपडेट करने के लिए लिंक शेयर किया गया। जैसे ही लिंक को प्रार्थिया ने ओपन किया तो प्रार्थिया के केनरा बैंक के खाते से 3 बार में कुल 99 हजार 973 रुपए आहरण कर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थिया की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

# मौसम विभाग ने बारिश को देखते हुए छत्तीसगढ़ में किया आरेंज अलर्ट जारी : राज्य के कई स्थानों में हो सकती हैं भारी बारिश



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में भारतीय मौसम विभाग में एक बार फिर बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों में होने वाले बारिश को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है, जिनमें बस्तर संभाग में गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में गरज - चमक के साथ भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना जताई है. साथ ही कई इलाकों में बिजली गिरने की संभावना जताई है. मौसम विभाग ने क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अगले 24 घंटों के लिए सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है।

वहीं छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में आने वाले जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताते हुए उन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है. इसलिए उन इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी देते हुए हेलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा और अधिकांश स्थानों में हल्की वर्षा दर्ज की गई है. छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में रायपुर संभाग वृद्धि देखा गया है. बाकी सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. बस्तर संभाग में सामान्य से कम तथा शेष संभागों में तापमान सामान्य रहा है। न्यूनतम तापमान की बात की जाए तो छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुए हैं. सभी संभागों में तापमान सामान्य रहा है. छत्तीसगढ़ का सबसे अधिकतम तापमान वाला इलाका कुरूद रहा है जहां पर 34.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 230.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 230.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज आठ जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 429.1 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 113.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 130.4 मिमी, सूरजपुर में 185.3 मिमी, जशपुर में 129.2 मिमी, कोरिया में 200.4 मिमी, रायपुर में 135.9 मिमी, बलौदाबाजार में 236.1 मिमी, गरियाबंद में 254.2 मिमी, महासमुंद में 238.8 मिमी, धमतरी में 195.5 मिमी, बिलासपुर में 273.5 मिमी, मुंगेली में 334.4 मिमी, रायगढ़ में 237.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 350.1 मिमी, कोरबा में 211.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 350.6 मिमी, दुर्ग में 199.7 मिमी, कबीरधाम में 228.0 मिमी, राजनांदगांव में 236.8 मिमी, बालोद में 269.5 मिमी, बेमेतरा में 178.2 मिमी, बस्तर में 235.3 मिमी, कोण्डागांव में 209.0 मिमी, कांकेर में 210.5 मिमी, नारायणपुर में 237.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 224.9 मिमी और सुकमा में 210.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### रायगढ़ जिले में 237.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 जुलाई तक 237.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 6.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 304.9 मिली मीटर, पुसौर में 342, खरसिया में 262.3, सारंगढ़ में 294.1, बरमकेला में 202.1, घरघोड़ा में 201.2, तमनार में 249.7, लैलूंगा में 221, धरमजयगढ़ में 162.6, सरिया 169.7 एवं छाल तहसील में 206 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## कार्मेल स्कूल में छात्र से मारपीट, कलेक्टर साहू ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

❑ समिति ने स्कूल पहुंच शुरू की जांच, स्कूल प्रबंधन ने शिक्षिका को किया निलंबित




**रायगढ़।** कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ में कक्षा नर्सरी के छात्र पर स्कूल की शिक्षिक द्वारा विद्यालय में मारपीट किए जाने की घटना की शिकायत की गई थी। मामला संज्ञान में आते ही प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर रानू साहू ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिसमें आयुक्त नगर पालिक निगम संबित मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी. आदित्य को संयुक्त रूप से समिति में शामिल कर जांच के लिए स्कूल भेजा गया। 8 जुलाई 2022 को जांच दल द्वारा प्रकरण की जांच विद्यालय में जाकर की गई। उनके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ कर जानकारी एकत्रित की गई। प्रकरण में प्रथम दृष्टया कार्यवाही करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा घटना के समय कक्षा में उपस्थित शिक्षिका सोनिया पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा विभाग को पालक के साथ भेजा गया है। समिति द्वारा विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने पश्चात आगामी कार्यवाही की जावेगी।

## पतंजलि के नाम पर युवक से ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** पतंजलि योग पीठ में बुकिंग कराने के नाम पर 17500 रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पुसाग वर्मा 30 वर्ष ने नेट पर पतंजली योग पीठ में बुकिंग कराने के लिए फोन नंबर सर्च कर फोन लगाया। जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने नेचुरल न्यूरो थैरेपी पंचकर्म में बुकिंग कराने के नाम पर 17500 रुपए लेकर धोखाधड़ी किया है। जब प्रार्थी को ठगे जाने का अहसास हुआ तो उसने इसकी शिकायत सरस्वती नगर थाने में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## मानिकपुर एवं खैरझीटी में जल जीवन मिशन का कार्य अंतिम चरण में

❑ कार्य पूरा होते ही नियमित उपलब्ध होगा पेयजल



**रायगढ़।** सारंगढ़ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम मानिकपुर एवं खैरझीटी के विद्यालयों में जल जीवन मिशन के कार्य की अपूर्णता के संबंध में खबरे प्रकाशित हुयी थी। इस संबंध में ईई पीएचई ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम मानिकपुर शासकीय प्राथमिक शाला में एक नग हैण्डपंप स्थापित एवं चालू है। उक्त हैण्डपंप की पानी सैम्पल की जांच 8 जुलाई 2022 को कराया गया। पानी सैम्पल की जांच रिपोर्ट में पानी पीने योग्य पाया गया है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज योजना स्वीकृत है एवं कार्य अंतिम चरण में है। पाईप लाईन टेस्टिंग कार्य चालू है। योजना से शाला में नल कनेक्शन कर दिया गया है। कार्य पूर्ण होते ही शीघ्र शाला में स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

वहीं ग्राम खैरझीटी शासकीय प्राथमिक शाला में रनिंग वाटर के तहत ग्राम पंचायत द्वारा पावर पंप स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में पावर पंप खराब हो गया है, बंद पावर पंप का सुधार कार्य ग्राम पंचायत/शाला समिति को दिए गए है। ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत सोलर आधारित नलजल योजना स्वीकृत है एवं कार्य अंतिम चरण में है। इस योजना से प्राथमिक शाला में अतिरिक्त नल कनेक्शन प्रदाय कर स्टैण्ड पोस्ट के माध्यम से अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आपसी भाईचारे से त्योहार मनाने की अपील



रायगढ़। बकरीद को लेकर आज पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर कुर्बानी, त्याग और बलिदान के पर्व बकरीद को हंसी खुशी के बीच शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने से पर्व का दुगना आनंद होना बताये। उपस्थित सभी समाज प्रमुख गणमान्य नागरिकों द्वारा आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाना बताये। बैठक में नगर निरीक्षक नागर द्वारा लोगों को अफवाहों से बचने और प्रशासन, पुलिस का सहयोग करने की अपील किये। बैठक में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली बताये कि त्योहार के दिन ईदगाह में पुलिस बल लगेगा तथा पुलिस की पेट्रोलिंग भी निंरतर क्षेत्र में करती रहेगी।

बैठक में उपस्थित समाज प्रमुख द्वारा जानकारी दी गई कि शहर में बकरीद की नमाज सुबह 6:00 बजे नूर मस्जिद, जामा मस्जिद मधुबनपारा में, सुबह 7:00 बजे जूटमिल मस्जिद पर, सुबह 8:00 बजे घड़ी चौक ईदगाह में और सुबह 8:30 बजे चांदमारी ईदगाह में अदा की जावेगी। मौसम का पूर्वानुमान लगाते हुए बैठक में चर्चा किया गया कि यदि सुबह बरसात हुई तो सर्किट हाउस चांदमारी के ईदगाह में नमाज स्थगित किया जावेगा से शेष स्थान पर समय अनुसार नमाज अदा किया जावेगा। शांति समिति की बैठक में टीआई मनीष्ज्ञ नागर तथा पुलिस प्रशासन की ओर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता भी उपस्थित थी तथा समाज के शेख सलीम निहारिया, शेख ताजीम, अब्दुल सत्तर, मोहम्मद फिरोज, मुबशीर हुसैन, मोहम्मद आवेश, मोहम्मद अशरफ खान मोहम्मद अख्तर (जामगांव) उपस्थित थे।



### बरमकेला में एसडीओपी ने ली शांति समिति की बैठक

बकरीद पर्व को लेकर एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल द्वारा थाना बरमकेला परिसर में समाज प्रमुखों के साथ शांति समिति की बैठक लिया गया, लोगों को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छता के साथ बकरीद मनाने की अपील किया गया। बैठक में तहसीलदार बरमकेला तथा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष,जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भी उपस्थित थे।

## सीईओ मिश्रा ने दो दिव्यांग को प्रदाय किया ट्राइसाइकिल



रायगढ़। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन विकासखण्ड बरमकेला के पीपरखूटा निवासी मिलाप चौहान एवं सारंगढ़ के शत्रुघन साहू को बाधारहित जीवन स्तर और आवागमन में सुगमता हेतु मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। दोनों दिव्यांग उपकरण पाकर खुश हुए और शासन का आभार किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के. जाटवर, विनय तिवारी उपस्थित रहे।

## शादी का वादा कर धोखा, पीड़ित युवती ने दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

❑ थाना प्रभारी कोसीर ने की त्वरित कार्यवाई, आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजे रिमांड पर



**रायगढ़।** थाना कोसीर में दिनांक 06.07.2022 को युवती चक्रधरनगर थानाक्षेत्र में रहने वाले विरेन्द्र सिदार (27 वर्ष) पर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने और शादी से इंकार किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

पीड़ित युवती बताई कि वर्ष 2020 में अपने रिश्तेदारी में पुसौर शादी कार्यक्रम में गई थी, जहां विरेन्द्र सिदार से जान पहचान हुआ। दो साल तक दोनों एक दूसरे से मोबाईल पर लगातार बात करते और मैसेज भेजा करते थे। इसी बीच विरेन्द्र प्यार करता हूं और शादी करूंगा बोला। पिछले अप्रैल महीने में बुआ की लडकी की शादी में कोसीर के एक गांव गई थी, जहां से विरेन्द्र अपने दोस्त के घर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया और एक सप्ताह बाद जब रायगढ़ गई थी तो उसके घर वालों के घर में नहीं रहने पर अपने घर ले गया और संबंध बनाया। घर आकर भाभी और घरवालों को बर्ताइ तो घरवाले उसके परिवारवालों से शादी की बात किये पर विरेन्द्र शादी से साफ इन्कार कर दिया। युवती के आवेदन पर महिला विवेचक द्वारा थाना कोसीर में आरोपी पर दुष्कर्म का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध कायमी के तत्काल बाद थाना प्रभारी कोसीर निरीक्षक रूपेन्द्र नारायण साय अपने स्टाफ के साथ रायगढ़ आकर आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले गये। पूछताछ में आरोपी विरेन्द्र सिदार अपना गुनाह स्वीकार किया है जिसका मेडिकल कराकर आज आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर सारंगढ़ न्यायालय भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ में दोगुनी हुई कोरोना की रफ्तार, दो संक्रमितों की मौत

❑ राजधानी रायपुर और दुर्ग में मिल रहे अधिक मरीज

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रफ्तार दोगुनी हो गई है. जुलाई की शुरुआत में हर दिन 100 से अधिक मरीज मिल रहे थे. अब पिछले दो दिनों से 200-200 से अधिक मरीज मिले रहे हैं. इसके अलावा कोरोना पिछले दो दिनों में 2 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं पिछले 24 घंटे में 251 नए कोरोना पॉजिटीव मरीज मिले हैं और एक संक्रमित मरीज की रायपुर में मौत भी हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार गुरुवार को 10 हजार 813 सैंपल की जांच में 251 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं. इसके बाद प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर बढक़र 2.32 प्रतिशत हो गई है और अब राज्य के 24 जिलों में कोरोना संक्रमण फैल गया है. इसमें सर्वाधिक नए मरीज राजधानी रायपुर में 61 मिले हैं. इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या 247 हो गए हैं. हालांकि, राहत की बात ये है कि गुरुवार को 171 मरीज इलाज के बाद ठीक हो गए हैं।

सरगुजा से गुरुवार को 13 मामले, बिलासपुर से 15, बेमेतरा से 17, राजनांदगांव से 24, दुर्ग से 45, रायपुर से 61 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं. दूसरे जिलों की बात करें तो कोंडागांव, बस्तर, कांकेर और रायगढ़ से 01-01, गरियाबंद, दंतेवाड़ा और धमतरी से 02-02, जशपुर और बलरामपुर से 03-03, महासमुंद, मुंगेली और कोरबा से 04-04, बालोद और कोरिया से 06-06, कबीरधाम से 07, जांजगीर-चांपा से 09, सूरजपुर और बलौदाबाजार से 10-10 नए मरीज मिले हैं. इसके बाद राज्य में एक्टिव मरीजों की संख्या 1203 हो गया हैं।

इससे पहले बुधवार को राज्य में 220 नए मरीज मिले थे. वहीं रायगढ़ जिले में एक कोरोना संक्रमित मरीज की इलाज के दौरान मौत हुई थी. पिछले 24 घंटे की बात करें तो रायपुर में 1 मरीज की मौत हुई है. इसके साथ राज्य में अबतक कोरोना से हुए मौत का आंकड़ा बढक़र 1440 हो गया है. इसके अलावा संक्रमण दर लगातार बढ़ते जा रहा है. दो दिन पहले 5 जुलाई को राज्य का पॉजिटिविटी दर 1.54 प्रतिशत था, जो बढक़र 2:32 प्रतिशत हो गया है।

### प्रिकॉशन डोज के लिए अवधि घटी, अब दूसरे टीके के छह माह बाद लगेंगे प्रिकाशन डोज

**रायपुर (आरएनएस)।** कोविड-19 से बचाव के लिए इसके टीके के दूसरे डोज और प्रिकॉशन डोज के बीच की अवधि घटाकर अब छह महीने कर दी गई है। अभी तक इसे नौ माह के अंतराल पर लगाया जा रहा था। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नए निर्देशों के आधार पर राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग ने भी सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला टीकाकरण अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने कोविड टीकाकरण में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को सूचित करने तथा लोगों के बीच इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा जिला टीकाकरण अधिकारियों को भेजे परिपत्र में कहा है कि नेशनल टेक्नीकल एडवायजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन (ह्ञ्ज्ररूढ्ढ) के स्टैंडिंग टेक्निकल सब-कमेटी (स्ञ्जस्ष्ट) की अनुशंसा पर कोरोना से बचाव के टीके की दूसरी खुराक और प्रिकॉशन डोज के मध्य का अंतराल संशोधित कर नौ माह या 39 सप्ताह से अब छह माह या 26 सप्ताह कर दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480